अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 520 वर्ष 41

राँची, 31 अगस्त, 2017

"स्वतंत्रता दिवस समारोह" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

उपस्थित सभी को संबोधित करते सीएमडी, श्री गोपाल सिंह

सीसीएल मुख्यालय तथा सभी क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2017 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यालय, रांची के महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, गांधीनगर में सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर डीएवी एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं की मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया। आर्मी बैन्ड के जवानों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत आकर्षक धुन बजाई एवं जेएसएसपीएस, डी.ए.वी. गांधीनगर, ज्ञानोदय एवं केंद्रीय विद्यालय राजेन्द्रनगर के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

समारोह में सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रिमी घोष, निदेशक (का.) श्री आर.एस. महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक (यो./परि.) श्री सुबीर चन्द्रा, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा, सी.वी.ओ. श्री ए.के. श्रीवास्तव, डीआईजी सीआईएसएफ श्री एम. नन्दन, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पदमजा, श्रमिक प्रतिनिधिगण एवं सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने अवसर विशेष पर उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए सीसीएल में चल रही कायाकल्प योजनाएं जैसे सीसीएल के लाल एवं लाडली, स्पोर्टस अकादमी, सुपर स्पेशियलिटी सेन्टर, बीपीएल हॉस्पीटल आदि की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सीसीएल की तरह ही लोक कल्याणकारी योजनाएं बीसीसीएल में भी समयबद्ध तरीके से लागू करने के लिए हम प्रयासरत हैं।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी एवं अतिथिगण आकाश में गुब्बारे उड़ाते हुए

निदेशक (का.) श्री आर. एस. महापात्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। श्री महापात्र ने गांधीनगर अस्पताल के मरीजों के बीच फल एवं मिठाईयों का वितरण किया। सी.सी.एल. के राजेन्द्र नगर कॉलोनी तथा जवाहर नगर कॉलोनी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सीसीएल में अनेकों कार्यक्रम

रजरप्पा में स्वच्छता जन–जागरुकता रैली में शामिल सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण, जेसीसी के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण एवं आमजन

विगत 16 से 31 अगस्त तक "स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में किया गया। इस पखवाड़ा की शुरूआत 15 अगस्त को हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं निदेशकगण ने स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। पखवाड़ा के अंतर्गत मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों जैसे पौधारोपण, सफाई अभियान, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, रैली, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से आमजन को न सिर्फ स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया बल्कि व्यक्तिगत सफाई एवं स्वच्छता के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश भी दिया गया जिसमें बच्चे, सीसीएल कर्मी सहित आमजन ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

न्यूक्लियस मॉल, रांची में नुक्कड़ नाटक–सह–प्रहसन में निदेशक (का.) श्री आर. एस. महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, सीसीएल सीएसआर की टीम तथा आमजन

स्वच्छता पखवाड़ा का परिदृश्य

नि. (तक.) श्री सुबीर चन्द्रा तथा नि. (यो./परि.) श्री ए. के. मिश्रा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बुकरू में पौधारोपण करते हुए

माननीय स्वच्छता एवं जल संसाधन मंत्री, झारखंड सरकार, श्री चंद्रप्रकाश चौधरी एवं सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने रक्तदान शिविर तथा सिल्वर जुबली अस्पताल का शुभारम्भ किया।

लुपूंगटोली में निःशुल्क स्वच्छता जागरुकता सह स्वास्थ्य जांच शिविर

सीसीएल विप्स टीम चरही में जागरुकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों को कुड़ादान तथा सफाई कीट प्रदान करते हुए

राष्ट्रीय खेल दिवस

मुख्यालय दरभंगा हाउस में जेएसएसपीएस खेल महाकुम्भ की शुरूआत

निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा ने हरी झंडी दिखा कर टीम को रवाना किया

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)